(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION 5AND /TOURISM (SHRI MA-DHAV RAO SCINDIA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

इंडियन एयरलाइंस द्वारा "रात्रि पड़ाव" की परिपाटी का समाप्त किया जाना

916. श्री विश्वासराव रामराव पाटिल : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि इंडियन एयरलाइंस के प्रबंधकों ने घाटा कम करने के लिये रात्रि पड़ाव (नाइट हाल्टस) की परिपाटी को समाप्त करने की योजना बनाई थी ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार से प्रतिवर्ष लगभग कितनी बचत हो जाती;

(ग) क्या यह भी सच है कि एक ओर तो रात्रि पड़ाव समाप्त करने की बात की जा रही थी लेकिन दूसरी ओर प्रबंधकों ने 1 नवम्बर, 1991 को जारी किये गये आदेश के अनुसार रात्रि पड़ावों की संख्या बढ़ा दी है ; और

(घ) यदि हां, तो प्रबंधक किन कारणों से अपनी योजनाओं को कार्यान्वित नहीं कर सके ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) से (घ) जी, नहीं । इंडियन एयरलाइंस के नेटवर्क पैटर्न को देखते हुये रात्रि पड़ावों को पूर्णतया समाप्त करना संभव नहीं है । विमान कर्मीदल के लिये रात्रि पड़ाव वहां रखे जाते हैं जहां उड़ान और ड्यूटी-समय सीमाओं और रूट संबंधी आवश्यकताओं जैसे परिचालनात्मक कारणों से बेस स्टेशन पर उन्हें वापस लाना संभव नहीं होता है । ऐसे रात्रि पड़ाव हमेशा न्यूनतम रखे जाते हैं ।

1 नवम्बर, 1991 से उड़ानों की संख्या में वृद्धि होने के कारण नियोजित रात्रि पड़ावों की संख्या में वृद्धि हुई है ।

गोवा में विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया जाना

917. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विदेशी पर्यटकों को गोवा का भ्रमण करने के लिये आकर्षित करने हेतु कोई योजना बनाई है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) केन्द्रीय पर्यटन विभाग विदेशी मार्किटों में भारत, जिसमें गोवा राज्य भी सम्मिलित है, का एक गंतव्य के रूप में प्रचार करता है । विदेशी पर्यटकों को आकृष्ट करने की स्कीमों में विदेशों में संवर्धन, प्रचार माध्यमों से प्रचार, संवर्धनात्मक यात्रायें, परिचायक यात्रायें और पर्यटन आधारिक सुविधाओं में वृद्धि शामिल है ।

Sale Of Westland Helicopters

918. SHRI SHRI SANTOSH BAGRODIA;
SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA:
SHRI SHIV PRATAP MISHRA:

W:-,l the Minister of CIVIL, AVIATION AND TOURISM be pleased to refer to the answer to Starred Question 2 given in the'Rajy?. Sabha on 26th August, 1991 and rtate.

(a) whether it is a fact that Government wants to sell Westland helicopters which are grounded since February 1991;

(b) whether Government need to take clearance from UK for the sale of such helecopters;

(c) if so, the reasons therefor;